# BURARI PUBLIC SCHOOL

**...a venture with UNIQUE**

**अवधिक परीक्षा -2**

**(2026-27)**

**विषय : हिंदी**

**कक्षा - सातवीं     दिनांक   _______**

**नाम: ........................................ अनुक्रमांक.................. शिक्षक- हस्ताक्षर..................**

**<u>कुल अंक -40</u>**

सामान्य निर्देश :

1. यह प्रश्न पत्र चार खंड में विभाजित हैं।
2. प्रत्येक खंड के अंक समान है।
3. प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़े।
4. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

नोट: “नई शिक्षा नीति (NEP) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अवकाश गृहकार्य मूल्यांकन एक ओपन बुक असेसमेंट के रूप में किया जाएगा। छात्रों को असाइनमेंट पूरा करते समय अपनी पाठ्यपुस्तकों, नोटबुक्स और अन्य अध्ययन सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य रटने के बजाय समझ, अनुप्रयोग और विचारों की अभिव्यक्ति पर है। छात्रों को अपने कार्य में ईमानदारी और मौलिकता बनाए रखने की सलाह दी जाती है।“

## <u>खंड - क : अपठित बोध</u>

**प्रश्न 1. गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **(5)**

नागरिकों के अधिकार और कर्तव्य हमारे संविधान में वर्णित हैं। अब प्रश्न है, यह संविधान क्या है? प्रत्येक देश का एक संविधान होता है। इसे देश का 'आधारभूत' कानून कहा जाता है। यहाँ यह जान लेना जरूरी है कि सरकार के तीन अंग होते हैं। पहला अंग 'व्यवस्थापिका' है। इसका काम कानून बनाना है। दूसरा अंग 'कार्यपालिका' है। इसका काम कानून को लागू करना है। तीसरा अंग 'न्यायपालिका' है। यह कानून की बात न मानने वालों के लिए दंड का निर्धारण करता है।

**1. सरकार के कितने अंग है?**

(i) दो     (ii) तीन     (iii) चार     (iv) पाँच

**2. निम्नलिखित कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही**

विकल्प चुनकर लिखिए-

कथन (A) : प्रत्येक देश का एक संविधान होता है। इसे देश का 'आधारभूत' कानून कहा जाता है।

कारण (R) : यह कानून की बात न मानने वालों के लिए दंड का निर्धारण करता है।

(१) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है।

(a) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(ii) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या करता है।

(i) कथन (A) सही है परंतु कारण (R) उसकी सही व्याख्या नहीं है।

**3. 'कार्यपालिका' का क्या काम है ?**

(i) कानून बनाना (iii) दंड निर्धारण (ii) कानून को लागू करना (iv) उपर्युक्त तीनों

**4. संविधान में क्या वर्णित हैं ?**

(i) नागरिकों के अधिकार (ii) नागरिकों के कर्तव्य (iii) अधिकार व कर्तव्य दोनों

(iv) कुछ नहीं

**5. इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक क्या है ?**

(i) कार्यपालिका (ii) न्यायपालिका (iii) व्यवस्थापिका (iv) हमारा संविधान

**प्रश्न 2. पद्यांश को पढ़कर बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5)**

उगता सूरज संदेश सुनाए,
नया सवेरा साथ में लाए।
अंधियारा अब दूर भगाओ,
जीवन में उजियारा लाओ।
मेहनत से ही फल मिलता है,
कर्म मार्ग पर चलना सीखो।
हार मिले तो मत घबराना,
फिर से आगे बढ़ना सीखो।
छोटी-छोटी बातों से तुम,
कभी न अपने मन को हारो।
हिम्मत, साहस, धैर्य अपनाकर,
जीवन में ऊँचाइयाँ पाओ।

**1. 'उगता सूरज' किसका प्रतीक है?**

(क) अंत (ख) नई शुरुआत (ग) अंधकार (घ) डर

**2. 'अंधियारा' का अर्थ क्या है?**

(क) प्रकाश (ख) खुशी (ग) अज्ञान और निराशा (घ) सफलता

**3. कविता में सफलता का मूल मंत्र क्या बताया गया है?**

(क) सोना (ख) खेलना (ग) मेहनत करना (घ) डरना

**4. हार मिलने पर क्या करना चाहिए?**

(क) रोना (ख) हार मान लेना (ग) प्रयास बंद कर देना (घ) फिर से प्रयास करना

**5. कविता का मुख्य संदेश क्या है?**

(क) आलस्य (ख) साहस और परिश्रम (ग) भय (घ) क्रोध

## <u>खंड -ख ( व्याकरणिक बोध )</u>

**प्रश्न 3. दिए गए प्रश्नों से सही विकल्प चुनिए- (2)**

(क) कौन सा शब्द कमल का पर्यायवाची नहीं है?

1. पंकज 2. सरोज 3. पुष्प 4. पदम्

(ख) निरर्थक वर्णों के मेल से बनते हैं?

1. विकारी शब्द 2. अविकारी शब्द 3. देशज शब्द 4. कोई नहीं

(ग) प्रतिकार शब्द में उचित उपसर्ग चुनिए?

1. प्र   2.परि   3. प्रति   4. परा

(घ) हेडमास्टर शब्द में उचित उपसर्ग क्या है?

1. हे   2. हेड   3. मास्टर   4. र

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो - दो शब्द बनाइए -** **(4)**

(क) आहट   (ख) आई   (ग) अक्कड़   (घ) वान

**प्रश्न 5. दिए गए तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखिए-** **(2)**

(क) ओष्ठ   (ख) कपोत   (ग) प्रस्तर   (घ) धृत

**प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही (दो ) के उत्तर दीजिए-** **(2)**

1. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के भेद लिखिए?
2. रूढ़ तथा योगरूढ़ में अंतर बताइए?
3. शब्द किसे कहते हैं?|
4. हिंदी में कितने प्रकार के उपसर्गों का प्रयोग होता है?

## <u>खंड - ग (साहित्य बोध )</u>

**प्रश्न 7. सही विकल्प के सामने( सही )का चिन्ह लगाइए-** **(3)**

1. **' संत कबीर जी का जन्म कब हुआ?**

   क. 1388   ख. 1441   ग. 1450   घ. इनमें से कोई नहीं

2. **'चचा छक्कन' पाठ के लेखक कौन हैं ?**

   क. जय शंकर प्रसाद   ख. संत निराला   ग. रवींद्रनाथ टैगोर   घ. इम्तियाज अली

3. **गंगी क्या नहीं जानती थी ?**

   क. गंदे पानी को उबालकर पिया जा सकता है

   ख. बीमार को गंदा पानी नहीं पिलाना चाहिए

   ग. ठाकुर के कुँए से पानी नहीं भर सकते |

   घ. तीनों विकल्प सही है

**प्रश्न 8. दिए गए कठिन शब्दों के अर्थ लिखिए-** **(2)**

1. अकारथ   2. मुनासिब   3. बनराय   4.गही

**प्रश्न 9. नीचे दिए गए (लघु प्रश्नों )के उत्तर दीजिए-** **(4)**

1. सूप का कौन सा गुण अपनाने योग्य है?
2. कबीर ने गुरु को महान क्यों बताया हैं?
3. चाचा छक्कन ने क्या तर्क देकर सारे केले खा लिए?
4. 'या बेईमानी तेरा ही आसरा' यह प्रसंग किसने, किसको कहा?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित दोहों को पूरा कीजिए -** **(3)**

1. गुरु गोविंद दोउ खड़े.........................................................................
2. साई इतना दीजिए.........................................................
3. ऐसी बानी बोलिए.............................................

## **खंड -घ ( रचनात्मक बोध )**

**प्रश्न 11. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए-** **(5)**

1. आदर्श विद्यार्थी
2. प्रदूषण एक समस्या
3. वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं

**प्रश्न 12. अपनी पहली पिकनिक का अनुभव अपनी डायरी में लिखिए -** **(3)**

**या**

**प्रश्न 12. शैक्षिक भ्रमण पर जाने की अनुमति लेने हेतु प्रधानाचार्या जी को प्रार्थना पत्र लिखिए -**